हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 सरकारी जमीन की खरीदी-बिक्री पर अब नहीं चलेगा खेल



14 अग्रसेन जयंती महोत्सव की मची धूम





## खबर संक्षेप

### किसान यूनियन की बैठक 20 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक 20 सितम्बर शनिवार को 1 बजे जिला अस्पताल के सामने नेहरू गार्डन धमतरी में रखी गई है जिसमें बेतहाशा बिजली बिल के संबंध में चर्चा की जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील सुदर्शन ठाकुर, महावीर साहू, दिनेश साहू, सुशील साहू ने की है।

### अमलीडीह में कलश स्थापना 22 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों की सहायता से क्वांर नवरात्रि में ज्योति कलश का



कार्यक्रम रखा गया है। कलश स्थापना सोमवार 22 सितंबर को होगी। 27 को माता का श्रृंगार व अष्टमी एवं कन्या भोज 30 सितंबर को होगा। तेल ज्योति के लिए 651 रुपए और घी ज्योति के लिए 1501 रुपए शुल्क रखा गया है।

### झिरिया में रामधुनी का समापन 20 को

**पुरी।** ग्राम झिरिया में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 18 सितंबर से किया गया है। समापन समारोह



एवं पुरस्कार वितरण 20 सितंबर को होगा। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता मनराखन ध्रुव पूर्व सरपंच झिरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुनीतराम चंद्राकर, चोवाराम साहू, केशव साहू नयापारा होंगे।

### तरसींवा में कबड्डी 20 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम तरसींवा में बोल बम कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20 सितंबर को ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रुपये है।

---

केवाईसी की अंतिम तिथि 30 सितंबर, आहरण अधिकारियों को भेजा गया रिमाइंडर

# सरकारी कर्मचारियों की केवाईसी अधूरी, वेतन पर मंडरा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों की केवाईसी अपडेट नहीं है। इससे कर्मचारियों के वेतन आहरण पर संकट मंडरा रहा है। केवाईसी की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इस तिथि तक कर्मचारी यदि केवाईसी कम्पलीट नहीं करते हैं तो उनके वेतन के रूकने की आशंका है। कोषालय से लगातार कर्मचारियों और आहरण अधिकारियों को केवाईसी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वैसे तो सरकारी कर्मचारियों का पूरा डेटा संबंधित विभागों में हैं। सरकार के पास भी इसकी पूरी जानकारी है। इसके बाद भी सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों का डेटा अपडेट किया जा रहा है। इस बार कर्मचारियों का पूरा बायोडाटा तो अपडेट किया जा रहा है, साथ ही उनका फिंगरप्रिंट भी लिया जा रहा है लेकिन कर्मचारी केवाईसी करवाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही कारण है कि अब तक केवाईसी का काम अधूरा पड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में कुल 11 हजार 148 सरकारी कर्मचारी हैं। इसमें से 9 हजार 348 कर्मचारियों ने केवाईसी अपडेट करने के लिए आवेदन किया है। इसमें से 7 हजार 15 कर्मचारियों की केवाईसी अपडेट हो चुकी है, जबकि 2 हजार 357 कर्मचारियों की केवाईसी अपडेट का काम पेंडिंग हैं। जल्द ही इनकी भी केवाईसी अपडेट होने की उम्मीद है। 7 कर्मचारी ऐसे हैं, जिनके आवेदन में त्रुटि थी या पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं थी, इसलिए इनकी केवाईसी रिजेक्ट हो गई है। इन कर्मचारियों को फिर से केवाईसी की प्रक्रिया करनी पड़ी है। जिले में 1 हजार 802 कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने केवाईसी के लिए आवेदन ही नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि केवाईसी की पूरी जिम्मेदारी आहरण अधिकारियों की है। वे अपनी आईडी से कर्मचारियों की जानकारी केवाईसी के लिए अपलोड करेंगे।



### इसलिए जरूरी है केवाईसी

सरकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन जैसे वित्तीय लेन-देन के लिए उनकी स्पष्ट और सही जानकारी उपलब्ध होना जरूरी है। केवाईसी के जरिए कर्मचारियों की जानकारी अपडेट की जा रही है। सही और समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कर्मचारियों का वेतन अटक सकता है या बैंक से लेनदेन में में देरी हो सकती है।

### बड़े विभागों में ज्यादा पेंडेंसी

छोटे-छोटे सरकारी विभागों की केवाईसी की स्थिति अच्छी है, लेकिन कृषि, शिक्षा, पुलिस सहित अन्य बड़े सरकारी विभाग जहां पर कर्मचारियों की संख्या अधिक है, वहां पर पेंडिंग ज्यादा है। इन विभागों को लगातार केवाईसी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार केवाईसी अपडेट करने की आखिरी तारीख 24 अप्रैल तय की गई थी लेकिन काम पूरा न होने 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया। इसके बाद भी प्रगति बेहद धीमी रही। नए आदेश के तहत केवाईसी की अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई है। सभी आहरण अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा गया है कि अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की केवाईसी अपडेट हर हाल में कराएं। प्रोफाइल अपडेट करने के लिए एम्प्लाई कॉर्नर एप या पोर्टल का इस्तेमाल करना होगा।

---

# गुजरात कोल घोटाले के दो आरोपी कुरुद से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

गुजरात के बहुचर्चित कोल फ्रॉड मामले में दो फरार आरोपियों को पुलिस ने कुरुद से गिरफ्तार किया है। दोनों को गुजरात साइबर टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से उनके एक रिश्तेदार के यहां से धरदबोचा है। आरोपियों ने फरारी काटते हुए यहां अपने रिश्तेदार के घर शरण ले रखी थी। वहीं दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद साइबर टीम गुजरात रवाना हो गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ गुजरात में केस दर्ज है। दोनों पर करीब दो सौ करोड़ के कोयला घोटाला में शामिल होने के आरोप लगे हैं। आरोपियों के नाम भिलाई निवासी संजय अग्रवाल और सचिन अग्रवाल है जिनका ठिकाना गुजरात भी है। कोल फ्रॉड मामले में दोनों आरोपियों के अन्य साथी फरार हैं।

### 200 करोड़ का घोटाला

**फरारी काटने वालों ने अपने रिश्तेदार के घर ली थी शरण**



### जिसे मेहमान समझ रहे थे वे भगोड़े निकले

कोल फ्रॉड के फरार दोनों आरोपी कुरूद में अपने एक रिश्तेदार सुरेश अग्रवाल के घर कई दिनों से रह रहे थे। सूचना पर गुजरात साइबर टीम की पुलिस ने कुरूद पुलिस की मदद से बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे धरदबोचा। दोनों को गुरुवार की सुबह सिविल कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया गया। जहां से गुजरात पुलिस दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई। इस मामले को लेकर दिनभर सोशल मीडिया में आरोपियों को शरण देने वाले के आचरण को लेकर तरह-तरह की चर्चा होने लगी है। बताया जाता है कि आरोपी पिछले एक महीने से कुरुद में मेहमान बनकर निवासरत थे, जो गुजरात पासिंग गाड़ी में खुलेआम घूम रहे थे। गिरफ्तारी के बाद लोगों को पता चला कि वे यहां फरारी काट रहे थे।

---

## 21 को सूर्यग्रहण लेकिन भारत में अदृश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि 21 सितंबर रविवार को सूर्य ग्रहण है लेकिन यह ग्रहण भारत में अदृश्य एवं अमान्य है। यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह खण्डग्रास सूर्य ग्रहण आस्ट्रेलिया के दक्षिणी भाग अन्टार्कटिका, न्यूज़ीलैंड, फिजी आदि कुछ देशों में दिखाई देगा। परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि सूर्यग्रहण को लेकर भ्रमित न हो।

---

# दस दिन से गंगरेल पर्यटन में हाथी का डेरा

- डांगीमाचा में एक झोपड़ी को पहुंचाया नुकसान, फसल क्षति की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से 10 किमी दूर डांगीमाचा गंगरेल के जंगल में एक दंतैल के विचरण से ग्रामीण दहशत में हैं। बुध-गुरुवार की रात हाथी ने एक झोपड़ी को तोड़ दिया वहीं कई किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग ने आसपास क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में अलर्ट जारी किया है।



डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि 9 सितंबर को चंदा दल का एक टस्कर हाथी का आगमन बालोद जिले की ओर से हुआ है। पिछले दस दिन से इस हाथी का विचरण डांगीमाचा के जंगल में हो रहा है। हाथी की मौजूदगी के कारण गंगरेल आने वाले पर्यटकों को लगातार सावधान किया जा रहा है। बुध-गुरुवार की रात डांगीमाचा में नारायण नेताम द्वारा घरेलू सामान रखने के लिए बनाई गई झोपड़ी को नुकसान पहुंचाया है। कई किसानों के खेतों में धान फसल की क्षति हुई है। गुरुवार दिन को हाथी का करंट लोकेशन सोरम बेलतरा के वन क्षेत्र में था। आसपास के गांव विश्रामपुर, खिरकीटोला, तुमराबहार, डांगीमाचा, कसावाही, बोरिदखुर्द, बेलतरा, सोरम, भटगांव, बेंद्रानवागांव, मरादेव, गंगरेल, कोटाभर्री, बरारी, शकरवारा, भोयना, मुड़पार में मुनादी कर लोगों को सतर्क किया गया है।

---

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

- सभी तैयारी समय रहते पूरी करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इसी माह प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा करेली बड़ी पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार भी उनके साथ थे।

कलेक्टर ने सबसे पहले हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने करेली कार्यक्रम स्थल मंडी परिसर का दौरा किया।



इस दौरान उन्होंने मंच व्यवस्था, वीआईपी और आम नागरिकों के बैठक स्थल, प्रवेश एवं निकासी द्वार, वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि का बारीकी से अवलोकन किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम स्थल के नक्शे का भी उन्होंने निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने समय रहते सभी तैयारी गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान आने वाले जनसमूह को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता, पीएचआई, एसडीओ लोक निर्माण, तहसीलदार, सीईओ, जनपद सहित स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा बलों की तैनाती, एंट्री और एग्जिट प्वाइंट, पार्किंग स्थल तथा आपातकालीन मार्ग की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व तैयारी के साथ सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ तैयारियों में

---

# फरसगांव में मिनी कृषि उपज मंडी खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत फरसगांव तथा खल्लारी पंचायत के किसानों ने मिनी कृषि उपज मंडी खोलने की मांग कलेक्टर से की है।

गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचे फरसगांव, आमझर, ठोठाझरिया, मुंहकोट, खल्लारी के किसान बलदेव मरकाम, दिनेश कुमार, लोकनाथ नेताम, अगरचंद, दाऊलाल, मानिकराम, विजय, पनकाराम, मानिक आदि ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि फरसगांव तथा खल्लारी



पंचायत तथा सभी आश्रित ग्रामों के किसानों का सहकारी समिति में धान विक्रय का पंजीयन है। यहां के किसानों को सड़क खराब होने तथा अधिक दूरी होने के कारण मंडी में धान बेचने के लिए अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने फरसगांव में मिनी कृषि उपज मंडी खोलने की मांग की है।

### स्टाप डेम के गहरीकरण की जरुरत

फरसगांव के ग्रामीण मनीराम सोरी, अगनूराम, मानिकराम, सोनऊराम, शंकर ने एक अन्य आवेदन में कहा है कि फरसगांव के ऊपरखार में स्टाप डेम बनाया गया है। गर्मी के दिनों में यह डेम सूख जाता है। पानी की तलाश में जंगली जानवर गांव में घुस जाते है जिससे ग्रामीणों को जान का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने स्टाप डेम के गहरीकरण की मांग की है।

---

**ट्रैक्टर व पिकअप से पहुंचे बोरिदखुर्द के सैकड़ों ग्रामीण**

# ग्रामीणों ने घेरा थाना, पुलिस पर मारपीट व दुर्व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बुधवार की रात्रि ट्रैक्टर व पिकअप से पहुंचे बोरिदखुर्द के सैकड़ों ग्रामीणों ने रूद्री थाना का घेराव कर पुलिस पर बेवजह मारपीट करने का आरोप लगाया। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

रुद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का



आयोजन किया गया था। कार्यक्रम शुरु होने से पहले वहां पर एक युवक शराब सेवन कर घूम रहा था, जिसे देखते हुए सरपंच ने किसी गंभीर घटना की आशंका के चलते रूद्री पुलिस को फोन पर सूचना दी। पेट्रोलिंग टीम गांव पहुंची। पुलिस को देख उक्त युवक वहीं दुबक गया। इसी दौरान काम करके बाइक से घर लौट रहा युवक गांव के मुहाने के पास फोन आने पर बाइक रोककर अपने मोबाइल पर बात कर रहा था तभी पेट्रोलिंग टीम उक्त युवक को घर जाने के लिए कहा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी व स्टाफ उक्त युवक से गाली-गलौज कर मारपीट कर रहे थे। इसी बीच गांव के एक अन्य युवक ने पुलिस को गाली देने से मना किया। पुलिस उसके साथ भी मारपीट कर वापस चली गई। पुलिस द्वारा युवकों से बेवजह मारपीट करने की जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। रात्रि में ही सैकड़ों ग्रामीण ट्रेक्टर व पिकअप में सवार होकर पुलिस की शिकायत करने रूद्री पहुंचे और थाना को घेर लिया। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी भी थाना पहुंच गए। थाने में घंटों गहमागहमी का माहौल रहा। सूचना पर सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी रूद्री थाना पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश की कि मामले की स्वयं जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे तब कहीं जाकर भीड़ शांत हुई। ग्रामीणों ने सीएसपी को घटना की शिकायत करते हुए आवेदन सौंपा।

ग्राम बोरिदखुर्द निवासी पीड़ित मोहन, गोलू व संजीव ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में कहा है कि हम लोग गांव में आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए गए थे। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी पहुंची और उन्हें जाने के लिए कहा। जिसके बाद हम लोग वहां से चले गए। उसके बाद एक पुलिस अधिकारी आकर गाली-गलौज करने लगे जिसे देख एक युवक मना किया। उक्त पुलिस अधिकारी ने हाथापाई शुरु कर दी। उक्त अधिकारी गोलू साहू पिता रामकुमार, संजीव साहू पिता दिनेश को थप्पड़ मारता चला गया। उसके बाद मोहन मंडावी पिता दुलार से भी मारपीट की गई। हम लोग न्याय के लिए आए हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एक अन्य आवेदन में पंचायत प्रतिनिधि द्वारा शीतलापारा के कुछ लड़कों से किसी बात पर विवाद कर गांव को दो गुट में बांटने की शिकायत की है।

---

सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये निकली यात्रा

# राष्ट्रवादी स्वर्वेद संदेश यात्रा का नगर में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की आत्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से राष्ट्रवादी स्वर्वेद संदेश यात्रा निकाली गई है। यह यात्रा गुरुवार को धमतरी पहुंची। अर्जुनी मोड़ से मिशन ग्राउंड तक बाइक रैली के माध्यम से संत प्रवर विज्ञान देवजी महाराज को लाया गया। मिशन ग्राउंड से हरदिहा साहू समाज कार्यक्रम स्थल तक रथ के माध्यम से पहुंचे। विज्ञान देवजी महाराज ने बताया कि विहंगम योग संत समाज के 102वें वार्षिक उत्सव को इस वर्ष समर्पण दीप आध्यात्म महोत्सव के रूप में 25 व 26 नवंबर को स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहां





वाराणसी में मनाया जाएगा। यहां 25 हजार कुंडीय ज्ञान महायज्ञ रखा गया है। इसी सिलसिले में 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर स्थित लाल चौक पर तिरंगा फहराकर इस यात्रा का शुभारंभ हुआ है। सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये यह यात्रा रखी गई है। छग भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, पूर्व सभापति राजेन्द्र शर्मा, पार्षद पिन्टू यादव, उमेश साहू पूर्व गंगरेल मंडल अध्यक्ष सहित इस पंथ से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दयाराम साहू, उमेश साहू, हेमंत लाल चक्रधारी, पुरूषोत्तम सिंह वर्मा, वेदराम साहू, कुंजलाल साहू, मोना बघेल, सोनू राम साहू, विष्णुराम साहू, कमल गंधर्व, सियाराम कोर्राम, मीना साहू, महेश्वरी चक्रधारी, कमला देवी, सुनीती देवी, लक्ष्मी देवी, गोपीराम साहू, लखन लाल साहू, मानिकराम साहू, डाकेश्वरी यादव सहित बड़ी संख्या में विहंगम योग संस्था से जुड़े लोग मौजूद थे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## विधायक ने सिविल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी के काम को देश हमेशा याद रखेगा : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



हिंदुस्तान में लैंगिक समानता में अभी बहुत काम करना बाकी है। महिला-पुरुष वाली संकीर्ण मानसिकता से जब तक समाज बाहर नहीं आयेगा तब तक सशक्त समाज की परिकल्पना करना बेईमानी है। उक्त बातें पूर्व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल कुरुद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कही।

बुधवार को सिविल हॉस्पिटल में आयोजित एक दिवसीय विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने बताया कि मोदीजी ने देश के मुखिया के तौर पर जो काम किया है, उसे देश याद रखेगा। स्वस्थ समाज के निर्माण में सबकी भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए जिसकी शुरुआत हम स्वयं से कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मोदीजी ने प्राचीन भारतीय योग, ध्यान जैसी विधाओं का वैश्विक पटल पर स्थापित कर हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर अपनी सभ्यता और परम्परा पर गर्व करना सिखाया है। श्री चन्द्राकर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता भारत अभियान की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर रविकांत चन्द्राकर, भानु चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, मालकराम साहू, कृष्णकांत साहू, मोहन अग्रवाल, भोजराज चंद्राकर, कुलेश्वर, सुनील चन्द्राकर, तिलोक जैन, लोकेश सिन्हा, थानेश्वर तारक, डॉ. जेपी दीवान, शीलारानी देवांगन, क्षितिज साहू, बीपीएम रोहित पाण्डेय सहित वार्ड पार्षद एवं हेल्थ स्टाफ व हितग्राही बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### स्वस्थ समाज के लिए कार्यशैली में बदलाव जरूरी

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने सेवा पखवाड़ा एवं महिला सशक्तिकरण की बात कहते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में और कई नए कामों का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत होने से माता और बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। माता और महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तभी हमारा परिवार सशक्त रहेगा। हमारा छत्तीसगढ़ और देश स्वस्थ रहेगा। जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एवं सौ बिस्तर अस्पताल के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इसके लिए डाक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है।

### सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क जांच हुई

अभियान के प्रथम दिन सिविल अस्पताल परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों ईएनटी, बाल रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई। आवश्यक रक्त जांच के सैम्पल लिए गए। महिलाओं से संबंधित बीमारियों की भी निःशुल्क जांच की गई। एम्स की वरिष्ठ महिला चिकित्सक मनीषा रुईकर ने कुरुद में एम्स यूनिट खोलने का श्रेय क्षेत्रीय विधायक को देते हुए बताया कि 2018 में हुए एमओयू के बाद से एम्स स्टाफ लगातार लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहा है। इसके पूर्व बीएओ हेमराज देवांगन ने अपने स्वागत भाषण में सेवा पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी।

## मोदी जी के जीवन पर लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित बाल्यकाल से लेकर अब तक के राष्ट्रव्यापी कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका शुभारंभ महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने किया।

मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महामंत्री महेन्द्र पण्डित, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला महामंत्री राकेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, मीडिया प्रभारी उमेश साहू, जिला कार्यालय मंत्री विजय साहू, निर्मल बरडिया, गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, एमआईसी मेंबर निगम नरेन्द्र रोहरा, एमआईसी मेंबर निगम विजय मोटवानी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर, युवा मोर्चा जिला महामंत्री जय हिंदूजा, ऋषभ देवांगन, विजय साहू, प्रीतम साहू समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जिला भाजपा कार्यालय में जारी रहेगी।

## साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शासकीय कन्या उमावि मगरलोड में 44 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कक्षा 9वीं की छात्राओं द्वारा साइकिल की महत्ता एवं साइकिल की कमी से पढ़ाई प्रभावित कैसे होती है, इस पर नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शत्रुघ्न साहू ने छात्रों को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता करते हुए विदम चौहान ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने कहा। मुरली सिन्हा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की शब्दावली से कभी भी जिंदगी बदल सकती है, इसीलिए जब भी कोई वक्ता किसी कार्यक्रम में वक्तव्य दें तो उनकी बातों को ध्यान से सुने और उसे ग्रहण भी करें। विद्यालय की पूर्व एसएमडीसी सदस्य नंदनी सिन्हा ने कहा कि अनुशासित होकर एवं मन लगाकर पढ़े। भरदा सरपंच भानुप्रिया साहू ने साइकिल के पहिए की तरह बच्चों को सतत आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। प्राचार्य पनेश सेन ने आभार प्रकट किया। मौके पर शिक्षक शेख रईसुद्दीन कुरैशी, उमेश मरकाम, भारतीय मरकाम, एकता घेवरिया, दामिनी ध्रुव, विनीता धुर्वे, रूपा साहू, भुनेश्वरी देवांगन, सूर्या, विकास, भरतलाल सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्यायाम शिक्षिका रूपेश्वरी साहू ने किया।

## आलेखुंटा में ग्रामीणों ने किया सफाई व पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गातापार (आ ) के चौक-चौराहों, मंदिरों एवं विभिन्न जगहों की साफ सफाई कर आश्रित ग्राम आलेखुंटा में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। मौके पर प्रभारी सुनील गायकवाड़ पूर्व जनपद सदस्य अंवरी, सरपंच शेखन साहू, राधे सोनवानी उपसरपंच, डॉ रमेश भतपहरी, धनीराम साहू, लेखराम, मंशाराम चतुर्वेदी, कैलाश मन्हारे, जीवन उत्सल, राज कपूर कोसले, नंदनी जांगड़े, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कवि सुरजीत नवदीप को संगम ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



धमतरी के वरिष्ठ कवि साहित्यकार और प्रसिद्ध मंच संचालक सुरजीत नवदीप के निधन पर संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड ने शोक पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू ने कहा है कि हास्य व्यंग के रोचक काव्य संग्रह कुर्सी के चक्कर में, शब्दों का अलाव, आंसू हंसते हैं, रावण कब मरेगा, खाओ पियो खिसको, बुढ़ापा जिंदाबाद तथा लाजवंती का पौधा उपन्यास जैसे महत्वपूर्ण कृतियों के रचयिता सुरजीत नवदीप से मेरा निकट संबंध रहा है। उनके संचालन में अनेक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है। वरिष्ठ रचनाकार जेआर साहू, व्यंगकार वीरेंद्र सरल, आत्माराम साहू, चिंताराम पुजारी, लालेश्वर सिन्हा, भोलाराम सिन्हा, देवनारायण निषाद, पुरुषोत्तम छातीपुरिहा, कामताप्रसाद साहू, चंद्रहास बघेल, शंतू साहू, उषा किरण निर्मलकर, अनीता गौर, अशोक साहू, पलटनराम साहू, भोपालमणि साहू, टामेश्वर ठाकुर, अशोक ध्रुव, एनआर साहू ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वर्ष 2016 में सुरजीत नवदीप जी का प्रथम बार मगरलोड आगमन एक अविस्मरणीय क्षण रहा है। संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नवोदित लेखकों को अनेक बारीकियों से अवगत कराया था। सुरजीत नवदीप ने केवल धमतरी जिले के लिए अपितु संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गौरव गरिमा के प्रतीक रहे हैं।

## ओजोन संरक्षण दिवस पर हुआ नुक्कड़ नाटक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ओजोन संरक्षण दिवस पर शाउमावि पचपेड़ी में संचालित रासेयो के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य रवींद्र कोसरे के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा ओजोन संरक्षण के संबंध में रैली निकालकर लोगों को प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने ओजोन संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। ओजोन परत के क्षरण से जीवों में होने वाली समस्याओं को बतलाया।

कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने ओजोन परत को पृथ्वी में जीवन के लिए महत्वपूर्ण कारक बतलाया। इस आयोजन में रासेयो के 120 स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

## मोतिमपुर में स्वच्छता अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत मोतिमपुर में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में खिलेश्वरी साहू सरपंच, उपसरपंच चुम्मन साहू, पंच तुलसी साहू, यशोदा साहू, हीराबाई लहरे, व्यासनारायण साहू, खिलावन यादव, रुपेश टंडन का सहयोग रहा।

## हमें अपनी भाषा का सम्मान करना चाहिए : डॉ यशोदा

- यशवंतराव मेघावाले महाविद्यालय में हिंदी के महत्व पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य के निर्देशन एवं प्रभारी प्राचार्य कौशलेश ध्रुव के मार्गदर्शन में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में हिंदी के महत्व, हिंदी भाषा की वर्तमान चुनौतियों एवं हिंदी में बढ़ते रोजगार के अवसर से संबंधित जानकारी महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई।

श्रीमती अनीता साहू ने बताया कि हिंदी में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। डॉ यशोदा साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास ने बताया कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं है बल्कि यह हमारे माथे की बिंदी के समान है। हमें अपनी भाषा का आदर और सम्मान करना चाहिए। बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र संदीप कुमार, छात्रा नरगिस ने हिंदी में कविता प्रस्तुत की। बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कुमकुम ने हिंदी भाषा पर अपने विचार व्यक्त किया। कुमारी ईश्वरी ने हिंदी भाषा में कविता प्रस्तुत की।

मौके पर महाविद्यालय परिवार से सुश्री निरूपा साहू, डॉ रमा चंद्राकर, दीपक कश्यप, नीरज साहू, टामन साहू, डॉ विनोद कुमार एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री सुषमा टंडन एवं आभार प्रदर्शन डॉ सुशीला साहू ने किया।

### पीएचसी चटौद में लगा स्वास्थ्य शिविर, 12 लोगों की नेत्र व 14 की सिकलिन जांच

# संसाधनों के अभाव में एक भी महिला बीमारी का शिकार न हो : डॉ. कुर्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। एक मरीज को खून की कमी होने पर चटौद हॉस्पिटल में भर्ती कर आयरन सुक्रोज का बाटल चढ़ाकर इलाज किया गया एवं बीपी व शुगर मरीज 30 एवं एनीमिक खून की कमी वाले मरीजों की संख्या 5 थी, जिसमें एक मरीज का एचबी 7.9 ग्राम होने पर प्रारंभिक जांच व उपचार कर सिविल अस्पताल कुरुद रिफर किया गया।

नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी द्वारा 12 नेत्र रोग मरीजों की जांच उपरांत इलाज कर उचित परामर्श दिया गया। 14 लोगों की सिकलिन की जांच की गई जिसमें एक मरीज सिकलिन पाजिटिव पाया गया। चिकित्सक द्वारा उपचार कर उचित परामर्श दिया गया। डॉ. संजय साहू प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चटौद ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान माताओं, बहनों को समर्पित है। हमारा प्रयास है कि एक भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में कोई भी बीमारी का शिकार न हो।

स्वास्थ्य शिविर में जनप्रतिनिधियों ने सभी मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

मौके पर चंद्रशेखर साहू सभापति कृषि विभाग जपं कुरुद, गौरव घोसले मंडल महामंत्री, खेमचंद साहू सरपंच चटौद, पंचगण रेणुका साहू, यामिनी विश्वकर्मा, सरिता साहू, कुमारी साहू, हर्षिता साहू, मितानिन राजेश्वरी साहू, ईश्वरी विश्वकर्मा एवं डॉ. संजय साहू प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हिमांशी थडलानी चिकित्सा अधिकारी, डॉ.लोमेश कुर्रे नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी, स्टॉफ नर्स नीलिमा शर्मा, महेश्वरी बघेल, फार्मासिस्ट योगिता जोशी, ड्रेसर विजय गिलहरे, वार्ड आया लीनिमा साहू, गीता साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### वैद्य प्रेमचंद एक्युप्रेशर रत्न अवार्ड से सम्मानित



**धमतरी।** दिल्ली में आयोजित कांफ्रेंस एण्ड अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में धमतरी के वैद्यराज प्रेमचंद को एक्युप्रेशर रत्न से सम्मानित किया गया। आयुष कालेज ऑफ रिसर्च सेंटर बिहार के तत्वावधान में बीते 7 सितम्बर को दिल्ली के लाजपत भवन में इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन कैरियर इन नैचुरोपैथी एण्ड अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर के आयुष विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ धमतरी गोकुलपुर के वैद्यराज प्रेमचंद देवांगन ने भी भाग लिया। एक्युप्रेशर पर विशेषज्ञता के लिए अवार्ड सेरेमनी में वैद्यराज प्रेमचंद देवांगन को एक्युप्रेशर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद धमतरी वापसी पर वैद्यराज प्रेमचंद का महापौर रामू रोहरा व गोकुलपुर वार्डवासियों ने सम्मान किया।

### शिवशक्ति राज मिस्त्री संघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**नगरी।** शिव शक्ति राज मिस्त्री संघ ने विश्वकर्मा जयंती उत्साह और श्रद्धा से मनाई। सभी सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और समाज की एकता, प्रगति एवं श्रम की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राजेश निर्मलकर, उपाध्यक्ष छबिलाल यादव, महासचिव नरेश कोसरे, कोषाध्यक्ष दिग्विजय साहू, रघुनाथ ध्रुव, जोगेंद्र समरथ, प्रहलादसिंह ध्रुव, लोकेश सूर्यवंशी, शत्रुघन यादव, हरिश्चंद्र नेताम, ताराचंद यादव, कंवल चक्रधारी, प्रेमलाल जगत, सियाराम, रोशन पटेल, नूतन ध्रुव, ईश्वर लाल, रामचरण मरकाम, रामसाय, सुभाष नेताम, भारत साहू, मोरध्वज, सन्तू मरकाम, घनश्याम नागवंशी, निरंजन सिंह, जनपद सदस्य सोनराज वट्टी उपस्थित थे।

### विशाल भंडारा के साथ शिवमहापुराण का समापन



**पुरी।** ग्राम छाती में ग्रामवासियों एवं मातृशक्तियों के माध्यम से सप्त दिवसीय संगीतमय शिवपुराण कथा का समापन हुआ। कथावाचक शिवानंद महाराज धमतरी थे। अंतिम दिवस पर आदि गणेश, विनायक, गजानंद महाराज आदि की कथा हुई। हवन-पूजन के बाद विशाल भोजन भंडारे का आयोजन हुआ। गांव में पोथी यात्रा निकाली गई। सैकड़ों लोगों ने पोथी से आशीर्वाद लिया। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी।

### जोरातराई में भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा



**अंवरी।** जोरातराई में राजमिस्त्री एवं कामगारों द्वारा सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित की। उनकी जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर ग्राम पटेल व पूर्व जपं सभापति कुरूद महेंद्र साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा संपूर्ण ब्रह्मांड के भौतिक रचयिता के रूप में विख्यात हैं। सृष्टि के सृजन में विश्वकर्मा पूजनीय हैं। हमें भी निर्माण कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कबड्डी में सशिमं छाती प्रथम



**पुरी।** प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर छाती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे शाला परिवार में खुशी की लहर है। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी है।

### हिंदी हमारी संस्कृति, संस्कार व एकता की पहचान : टीआर



- शाउमावि भेंडरा में हिंदी दिवस मनाया गया

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि भेंडरा में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तीरथराम साहू ने की। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चित्रकला, निबंध लेखन, कविता पाठ तथा रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने हिंदी भाषा की महत्ता और उसके संरक्षण पर जोर देते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीवंत हो उठा। शिक्षकगणों ने हिंदी भाषा की सरलता, मधुरता एवं समृद्धि पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य टीआर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और एकता की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस के संकल्पों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मोतीलाल साहू, कुंती महोबिया, ज्योति साहू, दसोदा साहू, गोपेश्वर देवांगन, पुखराज साहू, पारसमणि साहू, हेमेंद्र साहू, साधुशरण साहू, सोहनलाल साहू सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### गायत्री परिवार ने किया सामूहिक श्राद्ध व तर्पण



**धमतरी।** गायत्री प्रज्ञा व महिला मंडल दानीटोला द्वारा दानीटोला वार्ड में पितृ पक्ष एकादशी पर मृत आत्मा के लिए सामूहिक श्राद्ध, तर्पण, रामनाम संकीर्तन, 1 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य लोमेश साहू, राजेन्द्र नाग थे। रामनाम संकीर्तन कांशीराम साहू, जया साहू, मीना साहू ने किया। इस अवसर पर बिसुराम साहू, देवकुमार साहू, मतेश्वर साहू, देवधर साहू, रामस्वरूप, लक्षवंतीन बाई, रमतुला साहू, पूर्णिमा, अशोक मेश्राम उपस्थित थे।

### सशिमं झिरिया में संकुल स्तरीय खेलकूद हुआ



**पुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर झिरिया में शिशु खेलकूद का आयोजन हुआ। दौड़, लम्बीकूद, उंचीकूद, गोलाफेंक, फुगड़ी, कुर्सी दौड़, गेड़ी दौड़, कबड्डी में छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मोनिका देवांगन जिपं सदस्य धमतरी सभापति महिला बाल विकास थीं। अध्यक्षता हरिनारायण साहू जनपद सदस्य ढीमर टिकुर नवागांव ने की। विशिष्ट अतिथि केशवराम साहू जनपद उपाध्यक्ष बारना, सुखराम साहू, चंद्रशेखर पटेल सरपंच झिरिया, ओंकार साहू, भुनेश्वर चंद्राकर, थमेश साहू थे। सुखराम साहू शिक्षक ने शिशु मंदिर को संस्कारों की पाठशाला बताया। मौके पर झिरिया सरपंच श्री पटेल सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### फूड कोर्ट मार्ट की नीलामी को रद्द करने की मांग



**धमतरी।** ग्राम पंचायत संबलपुर में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना रूरल अर्बन मिशन (रूबन मिशन) के अंतर्गत फूड कोर्ट मार्ट व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। इस परिसर में 19 दुकानों का निर्माण हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि इन दुकानों की नीलामी अनुचित ढंग से की गई, जिससे केवल चुनिंदा लोगों को ही लाभ मिला। ग्रामवासियों का कहना है कि गांव के पढ़े-लिखे एवं बेरोजगार युवाओं को इस नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि इस परिसर का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना था। इस नीलामी को निरस्त करने की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने नगर निगम के महापौर जगदीश रामू रोहरा को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल भोथली, उपाध्यक्ष केशव साहू, जनपद पंचायत धमतरी के सदस्य देवेंद्र चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, पूरन साहू, शिशुपाल नेताम, बालकुमार, हितेश चंद्राकर, पवन ठाकुर, टिकेश्वर साहू, गुलजारीलाल यादव, भोजेश महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

- संबलपुर के ग्रामवासियों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

### झांकी में बटरेल, गायन में मड़ेली की मंडली अव्वल





**धमतरी।** पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कलारतराई में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 12 मंडलियों ने राम नाम का गुणगान किया। गायन में प्रथम जय तुलसी रामधुनी मंडली (कचना) मड़ेली, द्वितीय जागृति राम धुनी मण्डली अशोगा, तृतीय त्रिवेणी संगम रामधुनी मंडली झुरा नवागांव रही। झांकी में प्रथम मोर मयारु रामधुनी मंडली बटरेल, द्वितीय जय सरस्वती रामधुनी मण्डली फागुनदाह, तृतीय जय मां सरस्वती रामधुनी भण्डली झुरहातोला (डौण्डी) रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, निरंजन साहू, हिमांशु शेखर, सरपंच कुलदीप ध्रुव, उपसरपंच माधवेंद्र साहू, गोपाल साहू, प्रीतराम साहू, तरुण साहू, डॉ. गजेंद्र साहू, दूजराम साहू, भारत साहू, रामलाल निर्मलकर, राजाराम, मुकेश साहू, गुलाल यादव, रवि सेन, विष्णु साहू, सुशीला, भोजबाई, रामकुमारी, कुमारी बाई, गया बाई, धनेश्वरी सिन्हा, सेवती साहू, दीपेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

- कलारतराई में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का समापन

### हाईस्कूल बांसपानी में साइकिल वितरित



**नगरी।** शासकीय हाईस्कूल बांसपानी में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना तहत बुधवार को मुख्य विधायक सिहावा एवं अतिथियों द्वारा साइकिल का वितरण किया। अतिथियों ने 100 प्रतिशत परीक्षाफल के साथ 10वीं के विद्यार्थियों को मेरिट सूची में नाम दर्ज करने हेतु पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने कहीं। शिक्षकों, पालकों को भी छात्रों के समय अनुसार पढ़ाई में सहयोग एवं उत्साहित करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य टीएल साहू ने की। विशेष अतिथि प्रभा नेताम जनपद सदस्य नगरी, दुर्गावती कोडोपी सरपंच बासपानी, उपसरपंच नरसिंह जुर्री, राजेश मरकाम ग्राम पटेल बांसपानी, वरिष्ठ नागरिक रतिराम नेताम, छेदुराम नेताम, पंच दसलाल, भावसिंह तथा अन्य नागरिकगण सरजूराम कवाडे, जगतराम नेताम, जयराम यादव, शाला परिवार से एमआर देवांगन व्याख्याता, आर. ध्रुव व्याख्याता, एल.मरकाम व्याख्याता, संध्या बघेल व्याख्याता थे। कार्यक्रम का संचालन एमआर देवांगन व्याख्याता ने किया।

## फर्जी सौदों पर होगी कठोर कार्रवाई : कलेक्टर

# सरकारी जमीन की खरीदी बिक्री पर अब नहीं चलेगा खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸नगरी

नगरी क्षेत्र में सरकारी और मुआवजा प्राप्त जमीनों की अवैध खरीद-फरोख्त पर जिला प्रशासन ने सख्त तेवर अपनाया है। सरकारी जमीन या मुआवजा दी गई भूमि के फर्जी सौदों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को नगरी तहसील क्षेत्र से जिला कार्यालय पहुंचे सामाजिकजनों और पत्रकारों द्वारा नगरी क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही जमीन की अवैध बिक्री और अवैध निर्माण की पुख्ता जानकारी देने के बाद चर्चा के दौरान कही।



कलेक्टर ने उपपंजीयक और एसडीएम नगरी को इस संबंध में निर्देशित करने की बात कही है कि संदिग्ध रजिस्ट्रियों की तुरंत जांच की जाए और जहां भी धोखाधड़ी या गड़बड़ी पाई जाए, उन सौदों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अब बिना गहन जांच-पड़ताल के किसी भी विवादित भूमि की रजिस्ट्री संभव नहीं होगी।

ज्ञात हो कि सिंचाई विभाग ने वर्ष 1991-92 में नहर-नालियों के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भूमि मालिकों को दे दिया था। बावजूद इसके कुछ भू-माफिया उन्हीं जमीनों को अपनी बताकर भोले-भाले खरीदारों से मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। कई मामलों में एक ही भूखंड को कई लोगों को बेचने की शिकायतें भी सामने आई हैं। नहर किनारे अवैध निर्माण और नकली सौदों का यह सिलसिला न केवल सरकारी राजस्व को चूना लगा रहा है बल्कि आम नागरिकों की गाढ़ी कमाई को भी डुबो रहा है। खरीदारों के बीच विवाद की स्थिति गंभीर होती जा रही है।

पत्रकारों और समाजसेवियों द्वारा मामले की जानकारी दिए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर ने खुद संज्ञान लेते हुए कड़ा संदेश दिया। उन्होंने दो टूक कहा कि भू-माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अब यह खेल ज्यादा दिन नहीं चलेगा। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि ऐसे मामलों में तुरंत और कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि नगरी क्षेत्र में भूमि संबंधी अव्यवस्था पर स्थायी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल हटकेशर में छात्राओं को मिली साइकिल



- ओजोन दिवस पर छात्रों ने रखी मॉडल प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

स्वामी आत्मानंद विद्यालय हटकेशर में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत बच्चों को साइकिल का वितरण किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि केवल सिंह साहू एवं विधायक प्रतिनिधि चैन सिंह साहू, समिति के सदस्य उत्तमचंद जैन एवं गैंदुराम साहू ने कक्षा नवमी की 15 छात्राओं को साइकिल वितरित की। केवल सिंह साहू ने छात्रों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। 5-6 किलोमीटर साइकिल से यात्रा करने वाली छात्राएं पढ़ाई से वंचित न हो इसलिए साइकिल प्रदान की जाती है। संस्था के प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का सभी छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। इसी क्रम में 16 सितम्बर को ओजोन दिवस मनाया गया जिसमें छात्रों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई। ओजोन प्रदर्शनी में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य ने ओजोन परत में होने वाले छिद्र की जानकारी एवं ओजोन परत बचाने के लिए हर एक व्यक्ति का क्या कर्तव्य है, इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश नाग ने किया। मौके पर रामानंद साहू, घनश्याम साहू, देवशंकर, देव, मुनेश्वर प्रसाद साहू, धर्मेंद्र साहू, ईश्वर साहू, श्रीमती योगिता कंवर, आराधना साहू, लीना भारती सिन्हा, अनीता घोरपड़े समेत अन्य उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

रविवार को दानीटोला परिक्षेत्र के झिरिया साहू समाज के पदाधिकारियों के निर्वाचन हुआ। मदन साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, विमल साहू उपाध्यक्ष, रंजना साहू महिला उपाध्यक्ष, संगठन सचिव कैलाश साहू पुरुष, संगठन सचिव महिला दीपिका साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी रोहित कुमार साहू एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र साहू थे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास और कल्याण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। दानीटोला परिक्षेत्र उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना रामकुमार साहू ने अपने जन्मदिन पर समाज सेवक आनंदी साहू को सामाजिक वेशभूषा, बेल्ट, बैच प्रदान कर समाज सेवा हेतु प्रेरित किया।

## नव विकास की राह पर छत्तीसगढ़ : डॉ. दीक्षित

- छग राज्य के रजत जयंती वर्ष पर पैक्स जीजामगांव में प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸जीजामगांव

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के साथ ही छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर कुरूद विखं के पैक्स जीजामगांव में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. एएन दीक्षित ने कहा कि छग राज्य स्थापना के बाद राज्य की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राजनीतिक स्थिरता के कारण प्रदेश पावर कट के अभिशाप से मुक्त हुआ है। गांव-गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से शहरों से जुड़ गए हैं। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड तथा सरकार द्वारा समितियों में धान खरीदी ने कृषकों की आर्थिक स्थिति में अभूतपूर्व सुधार किया है। सहकारिता के माध्यम से अब जैविक खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। धमतरी जिले के ग्राम सरसोंपुरी, दरगहन और राखी में मखाने की खेती ने नई संभावनाओं को सामने लाया है।



पैक्स जीजामगांव के प्राधिकृत अधिकारी श्री साखरे ने कहा कि कृषकों की आत्म उन्नति के लिए ही समिति गठित की गई है। विविध प्रकार की समितियां सदस्यों के विकास हेतु क्रियाशील हैं। इसका लाभ लेकर सदस्य आत्मनिर्भर बन सकते हैं। पूर्व संचालक श्री चेलक ने कहा कि कृषकों को सहकारिता के लाभों को प्राप्त करना चाहिए तथा अपनी जानकारी को बढ़ावा देना चाहिए। जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी श्री साहू ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि का उल्लेखनीय विकास होने के बावजूद परिवारों में सुख समृद्धि नहीं है। संस्कारवान नागरिक व नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतु लक्ष्य के निर्धारण के साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सड़क, नाली की सफाई हेतु जागरुकता लाने युवकों को प्रेरित करने आव्हान किया। आगे कहा कि गोपालन एक महत्वपूर्ण अभियान है। जैविक खेती के लिए उन्होंने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में समिति परिसर में सदस्यों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत परिसर की सफाई की गई।

जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता डॉ. एएन दीक्षित पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज धमतरी, पैक्स जीजामगांव के प्राधिकृत अधिकारी कृष्ण साखरे, पूर्व संचालक युवलाल चेलक, पूर्व प्रबंधक श्यामलाल साहू, जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला संघ प्रबंधक एपी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन पैक्स जीजामगांव के प्रबंधक फनेंद्र साहू ने किया।

## स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है



- भखारा-भठेली में स्वच्छता अभियान से हुआ सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸अंवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर भखारा-भठेली में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शीतला मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर, सार्वजनिक स्थलों, तालाब पार की सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। प्रधानमंत्री जी के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए सेवा पखवाड़ा हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने नागरिकों को सेवा पखवाड़ा के आगामी दिनों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।

सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनजागरण का प्रभावी कदम बताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण हितेंद्र साहू, डोमेन्द्र गंगबेर, छबिलाल निर्मलकर, भूपेश्वरी चंदेल, हितेंद्र साहू, सुशीला निर्मलकर सहित समूह की सदस्या, नागरिकगण एवं पार्षदगण मौजूद थे।

## झांकी में भक्तिसागर व गायन में अछरा के छांव मंडली अव्वल

- परसाबुड़ा में राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸मगरलोड

ग्राम परसाबुड़ा में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 18 रामधुनी मण्डली ने भाग लिया जिसमें 9 मंडली झांकी और 9 मण्डली गायन रही। सभी प्रतिभागी मण्डली को 2701 रुपए सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



झांकी में प्रथम भक्ति सागर रामधुनी मण्डली मनौद बालोद, कथा समुद्र मंथन, मोहनी अवतार राशि 2001, द्वितीय जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार बालोद कथा द्रोपदी चीरहरण 1701 रुपए, तृतीय जय मां विंध्यवासिनी लोक रागिनी रामधुनी मंडली गोकुलपुर कथा भस्मासुर वध 1501 रुपए, चतुर्थ श्रीराम जानकी रामधुनी मंडली भर्रीटोला बालोद कथा राजा हरिश्चंद्र 1201 रुपए, पंचम जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली परसाटोला अंबागढ़ चौकी कथा बाली उद्धार 1001 रुपए रहे। गायन पक्ष में प्रथम जय मां विंध्यवासिनी अक्षरा की छांव, महिला रामधुनी मंडली गोकुलपुर कथा हनुमान जन्म राशि 2001 रुपए, द्वितीय स्थान जय बजरंगबली रामधनी मंडली सेनचुआ कथा प्रसंग मारकंडे राशि 1701 रुपए, तृतीय जय मां शीतला रामधुनी मंडली करकाभाठा बालोद कथा प्रसंग सीता स्वयंवर 1501 रुपए, चतुर्थ नवज्योति मानस एवं रामधुनी मंडली डोंगीतराई अभनपुर कथा सती अनुसुइया राशि 1201 रुपए, पंचम माधुर्यमय लोक सांस्कृतिक रामधुनी मंडली बनरौद कुकरेल कथा सूर्पनखा चरित्र राशि 1001 रुपए प्रदान की गई।

समापन दिवस के मुख्यातिथि भाजपा महामंत्री मंडल मगरलोड नंदनी सिन्हा थे। अध्यक्षता सरपंच परसाबुड़ा, लालाराम यादव ने की। अन्य अतिथि भाजपा महामंत्री मुरली सिन्हा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि योगेश्वर ध्रुव, ओबीसी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लोकेश साहू, सरपंच भरदा भानुप्रिया साहू, बूथ अध्यक्ष गिरवर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष सोहन सिन्हा, संरक्षक कुलेश्वर सिन्हा उपाध्यक्ष भानुप्रताप साहू सचिव सतीश साहू संयोजक मुरारीप्रसाद साहू अकेंक्षक हीराराम साहू, मिथिलेश निषाद, रोशन साहू, रोहित साहू थे। मंच संचालक चुम्मन साहू तरौदिया, निर्णायक बेनूराम साहू, जेठूराम साहू, रामनाथ यादव, डोमन साहू, फूलजी यादव, ग्रामीण पटेला खीरराम साहू, सहयोगी दिनेश सिन्हा, एसकुमार साहू, होरीलाल सिन्हा, गजेंद्र निषाद, हरबंश सिन्हा थे।

### करंट से गाय की मौत पर पर मालिक को 32800 रुपए अनुग्रह राशि मिली

**धमतरी।** विद्युत करंट के संपर्क में किसी पशु या मनुष्य की मृत्यु व स्थाई, अस्थाई दिव्यांगता पात्र पाए जाने पर कंपनी द्वारा अनुग्रह राशि दिए जाने का प्रावधान है। उक्त प्रावधान के तहत अर्जुनी वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम परेवाडीह निवासी शत्रुघन साहू (गाय मालिक) को अनुग्रह राशि धनादेश के माध्यम से 18 सितंबर को श्रीमती पी.एल. देवांगन, सहायक अभियंता द्वारा अशोक कुमार वर्मा, अनुभाग अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं एवं पशु मालिकों को विद्युत दुर्घटना से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी।



शोक संदेश



स्व. श्री मंगतू राम साहू

विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यपति श्री मंगतू राम साहू का स्वर्गवास दिनांक 16.09.2025, दिन - मंगलवार को हो गया है।
अतः उक्त कार्यक्रम में पधारकर मृतक की पवित्र आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम
पचनाहवन : दिनांक 20.09.2025, शनिवार
समय : दोपहर 12:00 बजे, स्थान : ग्राम कोकड़ी (नारी)

शोकाकुल
चोवाराम, भरत, मोनू, राजू, शुभम, खिलेश, मयंक, तुषार, हर्षित, लक्ष्यकुमार, राहुल एवं समस्त साहू परिवार
मो. 9977532548, 9425519349

विनीत
श्रीमती इनबती साहू (धर्मपत्नि)
प्रेमचंद साहू, हेमचंद साहू, पूनम साहू, ओंकेश्वर साहू (पुत्र)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### सेजेस कंडेल के छात्रों ने दिया ओजोन संरक्षण का संदेश



**धमतरी।** सेजेस कंडेल में अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इको क्लब प्रभारी हर्ष सेन एवं हिमांशु साहू के मार्गदर्शन में क्विज एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता हुई। पोस्टर निर्माण में बच्चों ने ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण के उपायों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने पर्यावरण से जुड़ी जानकारी दी। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत का संरक्षण मानव जाति की जिम्मेदारी है। हमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखने सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

### गौ माता की सेवा कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अर्जुनी गौठान में गौ माता की सेवा का कार्यक्रम रखा गया। गौ माता को ककड़ी, खीरा और चारा खिलाकर सेवा की गई। नगर निगम सभापति द्वय नरेन्द्र रोहरा एवं विजय मोटवानी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू, प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर गौ सेवा जैसे परमार्थ कार्य से जुड़ना सौभाग्य की बात है। जननी की सेवा जैसा पुण्य कार्य कर रहे हैं। नगर निगम सभापति नरेंद्र रोहरा ने कहा कि गाय विश्व माता है और गौ सेवा परम धर्म है। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष विनय जैन ने किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, महेंद्र पंडित, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, विजय साहू, पवन गजपाल, कैलाश सोनकर, पार्षदगण हेमंत बंजारे, कोमल सार्वा, ईश्वर, विनोद पांडे, शुभम, महामंत्री जय हिंदूजा, रिक्की गनवानी, विशाल रामरख्यानी, सूरज शर्मा, राजीव चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### पीएम मोदी के दीर्घायु की कामना की



**मगरलोड।** ग्राम खट्टी में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया। शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर मोदीजी की दीर्घायु की कामना की। स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर सोसायटी अध्यक्ष गोपालराम साहू, प्रभारी हेमंत साहू, टेमनलाल साहू, भागवतराम साहू, रेवा साहू, कंगरू सोनकर, प्रेमलाल सोनकर, अमरीशलाल सोनकर, धर्मेंद्र साहू, तेजूराम साहू, लोकेश साहू उपस्थित थे।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर, बाजार चौक में सफाई अभियान चला



**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस अवसर पर गांव में विभिन्न कार्यक्रम हुए।अस्पताल में मरीजों को फल बांटे गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर जानकारी दी गई। कोर्रा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर और बाजार चौक में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा भखारा मंडल अध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की परिकल्पना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच का सम्मान करते हुए गांव के देव स्थलों सहित सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने का प्रयास किया है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ानी है। मौके पर बूथ अध्यक्ष कौशल साहू, मोहन सेन, पंच डॉ अरूण साहू, केशव साहू, युवराज साहू, कुमारी यादव, माधुरी देवांगन, डमिता साहू, श्याम मेश्राम, खोमिन साहू, आशालता कुंजाम, नीतू साहू सहित कई ग्रामीणइस अभियान में शामिल हुए।

### जोरातराई (अ) में साफ-सफाई कर पौधे रोपे



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई (अ) में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर अटल चौक , कर्मा मन्दिर परिसर, ठाकुरदेव चौक, शीतला मन्दिर परिसर, पंचायत भवन परिसर, आंगनबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान के माध्यम से साफ सफाई कर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाए गए। इस अवसर पर रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, सुदामा साहू, धनसिंग साहू, गोपालसिंह राजपूत, रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, प्रकाश तारक, बालमुकुंद साहू पंच, ईश्वर निषाद उपसरपंच, गीतेश साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, भीम साहू, नीरज साहू, तोरण कुर्रे, गोपी साहू उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार बिजली कीमत में बढ़ोतरी वापस ले : प्रमोद

**नगरी।** जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रमोद कुंजाम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने सोलर पैनल बनाने वाले अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया है जिसका परिणाम इस महीने हर घर में दोगुनी दरों पर बिजली बिल आया है। इससे गृहस्थ जीवन में खर्च बढ़ गया है। आम लोगों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। जनता वैसे भी महंगाई से परेशान है। उपर से और बिजली बिल हाफ योजना बंद करना कुठाराघात साबित हो रहा है। बीजेपी की सरकार जनता को परेशान करना बंद करे। बढ़ी हुई कीमतों को वापस ले।

आवेदन लेने किसी के नहीं आने पर कार्यालय के सामने किया चस्पा

# कांग्रेसी पार्षदों ने निगम कार्यालय के सामने भजन गाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



निगम प्रशासन द्वारा विकास शुल्क की राशि भाजपा पार्षद वाले 20 वार्डों के लिए जारी होने पर कांग्रेस पार्षदों ने भेदभाव का आरोप लगाकर सभी वार्डों में बराबर बांटने की मांग की। उचित कार्रवाई नहीं होने पर पार्षदों ने 18 सितंबर को निगम कार्यालय के सामने रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की।

पार्षदों ने कहा कि जनता के पैसे का निगम दुरुपयोग कर रहा है। शुल्क का बंटवारा सभी 40 वार्डों में किया जाना चाहिए। भाजपा शासित वार्डों में विकास शुल्क देना कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव है। सभी वार्ड की जनता टैक्स पटाती है। विकास सभी वार्डों में होना चाहिए। मांग करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जनता विकास की राह देख रही है। जनता को जवाब देने नहीं बन रहा है। शुल्क की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरु हो चुका है। भजन गाकर निगम सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। लोकतांत्रिक पद्धति से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। आगे कहा कि धरना प्रदर्शन को समाप्त करने पुलिस बल भेजा रहा है। ढाई घंटे प्रदर्शन के बाद भी निगम के जिम्मेदार ज्ञापन लेने बाहर नहीं आए। इसलिए सभी पार्षद अपनी मांगों का ज्ञापन निगम कार्यालय के सामने दीवार पर चस्पा कर दिए हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी मांगों को दबाने का प्रयास या नजरअंदाज किया गया तो वे अपने-अपने वार्ड की जनता, कार्यकर्ता के साथ निगम कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन करेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, पार्षद योगेशलाल, सुमन मेश्राम, रामेश्वरी कोसरी, पूर्णिमा गजानंद रजक, उमाभारती सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ आज रजत जयंती दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए युवा प्रोग्राम प्रारंभ किया गया है। युवाओं को बेहतर स्किल एवं रोजगारपरक बनाने की दिशा में नगरी महाविद्यालय में प्रशिक्षण आारंभ किया गया है।

जिले के विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य को देखते हुए एवं उचित करियर गाईडेन्स के लिए महाविद्यालय में सीजी पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, अगिनवीर, बैंकिंग की कोचिंग क्लासेस महाविद्यालय के लेक्चर हॉल में चल रही है। प्रतिदिन 100-150 विद्यार्थी अपने भविष्य को एक नई राह दिखा रहे हैं।

प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने अपने अनुभवों के साथ सीजी पीएससी जैस परीक्षा को किस प्रकार आसानी से क्वालीफाई करें उसका मंत्र साझा किया। अभ्यार्थियों को छग सामान्य ज्ञान, संविधान एवं भारतीय राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, रिजनिंग, समान्य विज्ञान, सामान्य गणित, भारत का भूगोल एवं समसमायिक घटनाओं का विस्तार से अध्ययन कराया जा रहा है। यह युवा कार्यक्रम कलेक्टर एवं युवा कल्याण की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी और बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

# दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों की सुरक्षा के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

- गरबा के दौरान निर्धारित समय में ही बजेंगे डीजे, सुरक्षा को लेकर पुलिस रहेगी सतर्क
- जिला एवं पुलिस प्रशासन की दुर्गा उत्सव एवं गरबा समितियों के साथ हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने दुर्गा उत्सव एवं गरबा समितियों की बैठक आयोजित की। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने कहा कि धमतरी धर्म की नगरी के रूप में जाना जाता है, इसलिए दुर्गा उत्सव समितियां परंपरागत और धार्मिक वातावरण बनाए रखते हुए गरबा व अन्य कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि शहर की छवि बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों की सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें शाम से लेकर देरात तक प्रत्येक स्थल पर तैनात रहेंगी। किसी भी प्रकार की आपराधिक या असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में पाए जाने वाले व्यक्तियों पर भी पुलिस सख्त रुख अपनाएगी। उन्होंने साउंड सिस्टम के उपयोग पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही संचालन किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। गरबा आयोजनों में सभ्यता, परंपरा और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। साथ ही पंडालों में पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे और वालंटियर्स की व्यवस्था करने तथा आसपास स्वच्छता और डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम पीयूष तिवारी ने कहा कि माता की प्रतिमा गरिमामयी होनी चाहिए जिससे धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे। सभी समितियों से आयोजन की अनुमति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करने तथा वालंटियर्स को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी मीना साहू सहित विभिन्न दुर्गा एवं गरबा समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते बल्कि समाज को हमेशा नई दिशा देते हैं : गीतेश्वरी

- जोरातराई में आयोजित हुआ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



छग शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू की अगुवाई में संकुल केंद्र सिलौटी एवं तर्रागोंदी के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षक दयालुराम ने 5100 रुपये की सहयोग राशि शासकीय हाईस्कूल जोरातराई के उत्थान के लिए देने की घोषणा की। अतिथियों ने शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक भागीदारी निभाने की अपील ग्रामीणों से की।

गुरुवार को जोरातराई (सिलौटी) में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र करीब दो दर्जन सेवानिवृत्त शिक्षकों को पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर साहू एवं बीएल शांडिल्य ने अपने पुराने दिनों की यादों के साथ वर्तमान में समाज को दे रही अपनी सेवाओं से अवगत कराया। जोरातराई स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य दयालुराम साहू ने बताया कि बीते 4 वर्षों से शिक्षक सम्मान का क्षेत्र स्तरीय कार्यक्रम अवरुद्ध था, उसे फिर से शुरू करने यह पहल की गई है। मुख्य अतिथि जपं कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे हमेशा अपने ज्ञान से समाज को प्रकाशवान करते हैं। शिक्षक देश का भविष्य तैयार करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छग शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने कहा कि शिक्षक समाज की धुरी हैं।

कार्यक्रम को पूर्व सरपंच सविता गंजीर, बीईओ सीके साहू, हाईस्कूल सिंगपुर प्राचार्य व्हीपी चंद्रा ने संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में यहां की भूमि उर्वरा है। 15 साल पहले यहां से प्रदेश में बनी शिक्षा नीति में योगदान रहा है। कार्यक्रम का संचालन गिरधारी साहू एवं आभार प्रदर्शन राजेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संकुल सिलौटी की प्राचार्य श्रीमती पदमा बघेल, सीताराम साहू, अनुज साहू, रोमन रात्रे, लुनिश्चन्द भेंसले, मेहताब साहू, सुदामाराम साहू, टीआर साहू, अनिता शर्मा, दुर्गेश्वरी सोनबेर, मीनाक्षी समेत बड़ी संख्या में सिलौटी व तर्रागोंदी संकुल के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# समाज की एकजुटता पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम फरसियां नगरी में कोसरिया यादव समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन जिलाध्यक्ष जोहन सिंग यादव की अध्यक्षता में हुआ। नवनियुक्त जिला महिला संगठन प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का संगठन विस्तार एवं शपथ ग्रहण हुआ।

जिलाध्यक्ष श्री यादव ने समाज के कार्यों को गति देने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक जानकारी दी। सचिव रामेश्वर यादव ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर बलराम यादव अध्यक्ष धमतरी ग्रामीण, लीलाराम यादव ब्लाक अध्यक्ष कुरूद, दीनदयाल यादव ब्लाक अध्यक्ष नगरी, रामेश्वर यादव अध्यक्ष नगर इकाई धमतरी, फग्गूराम यादव मगरलोड मधुबन परिक्षेत्र, घुरउराम यादव, शिवप्रसाद यादव, राजेन्द्र यादव, नारायणसिंह यादव, झगरूराम यादव, चिन्ताराम यादव की उपस्थिति रही।

### निधन : मंगतूराम साहू



**कुरुद।** ग्राम कोकड़ी निवासी मंगतूराम साहू का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया । वे श्रीमती इनबती साहू के पति व प्रेमचंद, हेमचंद, पूनम व ओंकारेश्वर साहू के पिता थे।

# भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचनाकार हैं : कविता



- बेलतरा में आयोजित अखण्ड रामधुनी में शामिल हुईं जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राजमिस्त्री संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बेलतरा में अखण्ड रामधुनी का आयोजन किया गया। अतिथि श्रीमती कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के सृजनकर्ता एवं देव शिल्पी थे जिस प्रकार आज हम कोई निर्माण कार्य करते हैं उसके पूर्व इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट से अपने निर्माण स्थल का डिज़ाइन बनवाते हैं ठीक उसी प्रकार उस देवकाल में जो भी निर्माण कार्य किये जाते थे। उसकी रूपरेखा विश्वकर्माजी द्वारा बनाई जाती थी। श्रीमती बाबर ने आगे कहा कि प्रभु श्रीरामचंद्र अपने सम्पूर्ण जीवन काल में त्याग और तपस्या करते हुए मानव समाज को एक संदेश दिया कि आपस में प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा के साथ जीवन जीना चाहिए। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप सिन्हा, ललित ध्रुव, ईशु ध्रुव, उदयराम सिन्हा, महावीर ध्रुव, भुवनलाल सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एनएचएम के 35 हड़ताली कर्मचारियों की वापसी

- सीएमएचओ कार्यालय पहुंच कर दे रहे ज्वाईनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों में से 35 ने सीएमएचओ कार्यालय पहुंच ज्वाईनिंग दी है।

नियमितीकरण सहित अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 18 अगस्त से एनएचएम संविदा कर्मचारी अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। क्षेत्र की जिला इकाई ने गांधी मैदान में धरना देकर अपनी मांगों की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने अलग अलग तरह के प्रदर्शन किए गए, वहीं शासन द्वारा हड़ताली कर्मचारियों को काम पर लौटने के लिए कहा गया। इस बीच शासन द्वारा अल्टीमेटम भी दिया गया। चेतावनी के बाद शासन ने हड़ताली कर्मचारियों की बर्खास्त करने की कार्रवाई भी शुरु कर दी। अन्य जिलों में बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरु भी हो चुकी है। धमतरी में भी इसकी सूची बननी शुरु हो गई है। इस बीच गुरुवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे एनएचएम के संविदा कर्मचारियों में से 35 लोगों ने ज्वाईनिंग दी है।

इस संबंध में सीएमएचओ डा. यूएल कौशिक ने मीडिया को बताया कि 35 कर्मचारियों ने ज्वाईनिंग कर ली है जिसमें से पांच सीएमएचओ आफिस से हैं। बाकी अन्य अस्पताल से हैं। बर्खास्तगी के लिए सूची तैयार की जा रही है। सूची राज्य शासन को भेजने के बाद निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। बर्खास्तगी की कार्रवाई के बीच तीन संभाग के हजारों हड़ताली कर्मचारी जेल भरो आंदोलन के लिए रायपुर में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि हड़ताल जारी रहेगी।

आमदी कॉलेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन हुआ

# छात्र नौकरी की प्रतीक्षा न करें, रोजगार सृजनकर्ता बनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)





शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई द्वारा स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जगदीश पटेल प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच छग तथा विशिष्ट वक्ता श्रीमती सुमन मुथा वकील रहीं। श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष नपं आमदी, नामदेव राय, श्रीमती भारती राय एवं राम अवतार भी उपस्थित थे।

प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने बताया कि स्वदेशी उद्यमिता आज के समय की सशक्त आवश्यकता है। मुख्य वक्ता श्री पटेल ने भारत के स्वदेशी अभियान और स्वावलंबी भारत की संकल्पना को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय चलाया गया स्वदेशी आंदोलन केवल विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार नहीं था, बल्कि आत्मगौरव, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ज्योति प्रज्वलित करने वाला अभियान था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ कौशल को जोड़ें और केवल नौकरी की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं रोजगार सृजनकर्ता बनें।

श्रीमती सुमन मुथा ने विद्यार्थियों को भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लें, तो भारत विश्व में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन सकता है। श्रीमती ज्योति साहू ने आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थानीय संसाधनों का सदुपयोग ही सतत विकास का आधार है। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डा. उपमा तथा रासेयो स्वयंसेवक दिव्या पटेल, योगिता पटेल, प्राची, टविंकल, वेदप्रकाश का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने किया।

## जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ आगाज

# स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की नींव : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने जिला अस्पताल परिसर में आयोजित हेल्थ कैंप एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, अध्यक्ष छग पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू, जपं अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री महेंद्र पंडित, राकेश साहू, कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दुजा, ननि सभापति कौशिल्या देवांगन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सकारात्मक बदलाव लाना है। एनीमिया नियंत्रण, क्षयरोग उन्मूलन, रक्तदान, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनर्भिर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभा रहीं हैं। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया है। वहीं लोकल फॉर वोकल के जरिए देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों के मरीज धमतरी जिला अस्पताल में आकर अपना इलाज करवा रहे हैं। यह यहां के डॉक्टरों की संवेदनशीलता का परिचय है। श्रीमती चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान सेवा और जनजागरण का प्रतीक है। सांसद श्रीमती चौधरी ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक ने अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 2 अक्टूबर तक जिले में सतत चलाया जाएगा। यहां प्रतिदिन 600 से 700 मरीजों की ओपीडी जांच, रक्त परीक्षण, एक्स-रे, विशेषज्ञ परामर्श और छोटी शल्य चिकत्सिा प्रक्रियाएं नियमित रूप से की जा रही हैं। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। महापौर श्री रोहरा ने विकास कार्यों के साथ स्वास्थ्य में किए जा रहे कार्यों को बताया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जानकारी दी कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। जिला अस्पताल में शीघ्र ही ट्रॉमा सेंटर एवं मातृ-शिशु अस्पताल की सुविधा प्रारंभ होगी। वनांचल क्षेत्र नगरी व सिहावा में एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती के लिए प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रस्तुति दी गई। मौके पर जिला कार्यकम प्रबंधक प्रिया कंवर, सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोंडर, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सोनी, डा. राजेश सूर्यवंशी, डा. रविकिरण शिंदे, डा. मेहताब अहमद, डा. तेजश शाह, डा. अखिलेश देवांगन, जिला प्रबंधक गिरीश कश्यप एवं रेडक्रास सोसायटी के आकाशगिरी गोस्वामी, शिवा प्रधान सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अभियान के शुभारंभ पर किया रक्तदान



नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में दस से अधिक रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस दौरान पैथालाजिस्ट डा. आदित्य सिन्हा, डा.पारिसा परिहार, लैब टेक्निशियन पेमीन साहू व स्टाफ नर्स सुमन नागवंशी का सहयोग रहा।

**प्रदर्शन : चाय-पकौड़े का स्टाल लगाकर नौकरी चोर गद्दी छोड़ के लगाए नारे**

# यूथ कांग्रेस ने मोदी के जन्मदिन पर मनाया बेरोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कुरूद में युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया और बेरोजगारी के मुद्दे पर सांकेतिक विरोध जताते हुए चाय-पकौड़े का स्टॉल लगाया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि पीएम मोदी वोट चोर के साथ नौकरी चोर भी हैं. इसीलिए हमने नौकरी चोर, गद्दी छोड़ का नारा दिया है।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर धमतरी जिला एवं कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में कुरूद के कारगिल चौक के पास युवा कांग्रेसियों ने नाश्ते का ठेला लगाकर पकौड़े तलकर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

युकां अध्यक्ष देवव्रत ने कहा कि मोदी जी ने देश के युवाओं से हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। उस हिसाब से आज देश में 16 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाना चाहिए था, पर असलियत यह है 16 करोड़ युवाओं को रोजगार तो नहीं मिला पर 22 करोड़ लोगों के आवेदन जरूर आए। कार्यक्रम को पूर्व राज्यमंत्री सुश्री राजकुमारी दीवान, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, पूर्व जनपद सभापति नेता प्रतिपक्ष डॉ. गिरीश साहू, नेता प्रतिपक्ष एवं ब्लॉक युकाध्यक्ष डुमेश साहू, पार्षद मनीष साहू, कांग्रेस नेता हेमंत बंजारे, पूर्व जनपद सभापति रविन्द्र साहू, जिला महासचिव कुलेश्वर देवांगन, मिलन साहू, युवा नेता तुकेश साहू ने संबोधित किया।

इस प्रदर्शन में विधानसभा महासचिव यक्ष साहू, गुरुदेव महिपाल, युवराज साहू, योगेश साहू, नगर अध्यक्ष उमेश साहू, तुलसी साहू, टेमन साहू, बैतल साहू, हरवेद साहू, ऐश्वर्य साहू, विनोद ढीमर, धीरज चौहान, बलदाऊ साहू, जगतपाल साहू, लोमश ध्रुव, रोहित, हीरालाल साहू सहित अनेक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता में छात्रों ने बिखेरी रौनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

संकुल स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता सोमवार को ग्राम खपरी में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत धमतरी सभापति अमन अग्रवाल साहू थे। अध्यक्षता सरपंच राम रोशन ध्रुव ने की। विशेष अतिथि सेवानिवृत शिक्षक उमेन्द्र सिंह साहू, उपसरपंच ऋषिकेश साहू, सदस्य स.ग्रा.शि.समिति ललित कुमार सिन्हा, संस्था प्रमुख लोकेश साहू थे। कार्यक्रम में आचार्य श्रीमती पुष्पा साहू, पूर्णिमा साहू, लीलेश्वरी साहू, त्रिक्षा साहू, जानकी साहू, सपना यादव, समिति संयोजक भगवान सिंग रायपुरिया, उपाध्यक्ष भोलाराम सिन्हा, भरतराम साहू, कन्हैया लाल साहू, जागेश्वर प्रसाद साहू, डॉ. मेघनाथ साहू, पंचराम ध्रुव ने अहम भूमिका निभाई। तबला वादन में पुष्पेन्द्र, स्वरचित कविता में पूर्वी, भजन में ट्विंकल प्रथम रहे। सुलेख में गुलशन, व्यक्तिगत गीत में रूपाली साहू, वंदे मातरम में रूपाली, साझी, निशा, एकल अभिनय में ट्विंकल द्वितीय रहे।

# दुगली में विश्वकर्मा समाज के सामुदायिक भवन का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम दुगली में विश्वकर्मा समाज के सामुदायिक भवन का उद्घाटन पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने किया। मौके पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, अनूप वट्टी, सिकंदर मंडावी, तुलसीराम मंडावी, चैतराम नेताम, रमाकांत तिवारी, गिरधर विश्वकर्मा, रतेश्वर नेताम, रामचरण विश्वकर्मा, देवसिंह विश्वकर्मा, गिरधर विश्वकर्मा, नंदलाल विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, कैलाश, प्रताप, बृजलाल, कुशराम, शैलेंद्र विश्वकर्मा, अनीताबाई, सोनिया विश्वकर्मा, रेखाबाई, धनेश्वरी विश्वकर्मा, माया विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# छिपली में तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ सरकार की योजनाओं से प्रत्येक गांव का होगा समग्र विकास : हृदय साहू



ग्राम पंचायत छिपली में रविवार को जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू ने तीन महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की नई शुरुआत की। इन कार्यों में प्राथमिक शाला परिसर में प्रार्थना शेड, कोसुम तालाब महावीर पारा स्थित शिव मंदिर के पास टिन शेड एवं साहू सदन के पास टिन शेड का निर्माण शामिल है।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि भाजपा सरकार गांव-गांव में निरंतर विकास कार्य कर रही है। शिक्षा, धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों पर सुविधाओं के विस्तार से न केवल गांव का वातावरण सशक्त होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से प्रत्येक गांव का धीरे-धीरे समग्र विकास किया जाएगा।

मौके पर छिपली सरपंच लीकेश्वरी पोटाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू, उपसरपंच घेवरचंद साहू, पूर्वसरपंच संत नेताम, गणेशराम नागर्ची, साहू समाज अध्यक्ष महेश्वर साहू, महाकाल मंदिर के पुजारी गोबिंद सोम, टिकेश नवरंग, कर्ण कोसरे, पंचगण डमरू सोम, रूप कश्यप, भोज बोरघरिया, संतुलाल टंडन, दुर्गा सार्वा, सारिका कश्यप, रमशीला सोम, कमलेश्वरी सोम, ईश्वरी कोषमा, लता नवरंग, पुष्पा टंडन, सुशीला टंडन, रम्भा कोसरे समेत कई ग्रामीणजन शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं दुलेश्वरी चंद्रवंशी, हेमपुष्पा साहू, साधना कश्यप एवं स्कूली छात्र-छात्राएं भी मौजूद थीं।

**परीक्षा के संचालन के लिए बीआरसीसी भवन में हुई बैठक**

# गौ विज्ञान परीक्षा तीन स्तर पर होगी, पंजीयन 10 अक्टूबर तक होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा प्रदेश में गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के संचालन हेतु व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीआरसीसी भवन में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं जिला नोडल अधिकारियों एवं संकुल समन्वयकों की बैठक हुई। बैठक में गौ विज्ञान परीक्षा के प्रदेश संयोजक सुबोध राठी, धमतरी जिला गौ विज्ञान परीक्षा के प्रभारी विनोद कुमार पांडेय, गौ विज्ञान परीक्षा धमतरी ब्लॉक के नोडल श्रीमती शोभा दुबे, गौ विज्ञान परीक्षा धमतरी के संयोजक हनुमान प्रसाद वर्मा उपस्थित थे।

प्रदेश संयोजक सुबोध राठी ने कहा कि गाय का विषय जन-जन का विषय है। गाय हमारी माता है और माता का स्थान घर में होना चाहिए। श्री राठी ने गौ संवर्धन, गाय के महत्व, परंपरागत एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गौ आधारित खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौ विज्ञान की भूमिका पर जानकारी दी।

जिला परीक्षा प्रभारी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा तीन स्तर पर आयोजित की जाएगी। ए ग्रुप में 6वीं से 8वीं के छात्र छात्राएं, बी ग्रुप में 9वी से 12वीं तक के छात्राएं तथा सी ग्रुप में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर के छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला स्तर पर और जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को राज्य स्तर के गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। गौ विज्ञान परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं को घर में किचन गार्डन निर्मित करने पर संस्था की ओर से 7 अंक बोनस एवं मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को गौ विज्ञान संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पोस्टकार्ड में अपने विचार लिखकर भेजने पर तीन अंक बोनस के रूप में दिया जाएगा पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है।

गौ विज्ञान परीक्षा के संयोजक हनुमान प्रसाद वर्मा एवं नोडल अधिकारी श्रीमती शोभा दुबे ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है। यह गौ और गौ वंशों के विषय में हमारे आने वाली पीढ़ियों को जागरूक करने का अवसर है। बैठक में सत्र 2024 की गौ विज्ञान परीक्षा में भाग लेने वाले प्रत्येक स्कूल के प्राचार्यों एवं परीक्षा प्रभारियों को प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के पुरस्कार वितरित किए गए।

## अंचल की खबरें

### मुजगहन में सेवा पखवाड़ा मनाया गया



**धमतरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर ग्राम मुजगहन में सेवा पखवाड़ा के तहत बाजार चौक पर स्वच्छता अभियान व एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया गया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, बूथ अध्यक्ष विनोद साहू, भूमेश साहू, ईश्वर सेन, मुरली सिन्हा, रामायणलाल साहू, डेरहा राम यादव, गुलाब साहू, लखनलाल सिन्हा, प्रभारी देवनारायण सिंह, नेमीचंद सिन्हा, नूतेश्वरी साहू, निर्मला साहू, भगवती साहू, उषा साहू, नंद साहू उपस्थित थे।

### कलारतराई में सफाई अभियान चला



**धमतरी।** ग्राम कलारतराई में ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ताओं में महावीर चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सफाई अभियान चलाया। मंदिर व चौक-चौराहों पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच माधवेंद्र साहू, गजेंद्र साहू, ग्रामीण बूथ अध्यक्ष अशोक सिन्हा, रामस्वरूप साहू, गोपाल सिन्हा, विष्णु साहू, तीरथ साहू, कुंजीलाल साहू, किशन साहू, श्याम दास मानिकपुरी सहित ग्रीन आर्मी की महिलाएं उपस्थित थीं।

### डीएफओ, एसडीओ ने लगाए पौधे



**नगरी।** वन विभाग के डीएफओ कृष्ण जाधव एवं एसडीओ जितेंद्र साहू ने कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया।

### टीआई ने रोपे पौधे




**नगरी।** टीआई चक्रधर बाग एवं कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### घटुला में सफाई अभियान चलाया गया



**नगरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बेलरगांव मंडल के ग्राम घटुला स्थित शिव मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल बेलरगांव के महामंत्री मोनू साहू, अजय नाग, लतखोर पटेल, परमेश्वर साहू, गुडेस साहू, मेहत्तरू कश्यप, कौशलेश कौशल, गणेश्वर साहू, रंजना पटेल, नकुल पटेल, सौरभ साहू उपस्थित थे।

### सुखराम नागे कालेज में समाजशास्त्र परिषद का गठन



■ अध्यक्ष तुकेश्वरी, सचिव अंकिता मनोनीत हुई

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. आरआर मेहरा विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं प्रमोद चौरे एवं उर्वशी साहू के संयोजन में समाजशास्त्र परिषद् का गठन किया गया। अध्यक्ष तुकेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष प्रतिमा यादव, कोषाध्यक्ष लीना साहू, सचिव अंकिता, सहसचिव शांतनु कश्यप एवं सांस्कृतिक प्रभारी खिलेश्वरी नेताम मनोनीत हुई। प्रो. मेहरा ने मनोनीत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। प्राचार्य ने बच्चों को आशीष वचन के रूप में पढ़ाई के साथ–साथ आत्मनिर्भर रहने और छात्रओं को समाज में महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अपराध से अवगत कराया गया और उनके साथ होने वाले अत्याचारों का डटकर सामना करें। इस कार्यक्रम में डॉ. ममता सौरज, डॉ. वेणु साहू, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. खेमचंद का विशेष योगदान रहा।

## निधन : सुशीला साहू



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा निवासी सुशीला साहू का आकस्मिक निधन 16 सितंबर मंगलवार को हो गया। वे ज्ञानिक ग्राम साहू की पत्नी एवं मेघसिंह साहू, कमलनारायण साहू, नरेंद्र साहू की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। मौके पर सामाजिकगण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### कन्या स्कूल को कूलर और वॉटर प्यूरीफायर की भेंट

**चारामा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में चारामा के एक प्रतिष्ठित नागरिक रहे स्व कांतिलाल किरी की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी धनवंती किरी एवं सुपुत्री मुक्ता किरी द्वारा विद्यालय को वॉटर प्यूरीफायर एवं कूलर सप्रेम भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। विद्यालय प्राचार्य विष्णु सेन एवं शाला परिवार ने इस पुनीत कार्य के लिए किरी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इसे छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमा शर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, जय श्री सिन्हा, अजय जगवानी, प्रियेश सेन, समाज सेवी छगन यादव, भानु शंकर नागराज, गुल्लू दास साधवानी, सुक्खू राम सिन्हा, अनश रजा, सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### दृष्टि व श्रवण बाधितार्थ स्कूल में सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया

**कांकेर।** जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा की उपस्थिति में सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, फल वितरण कर सम्मानित किया गया। उन्होंने दिव्यांग छात्रों के बीच प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने कहा कि जो भी मदद की आवश्यकता हो इसके लिए शासन-प्रशासन तत्पर है तथा हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में शाला उन्नयन प्रशिक्षण केन्द्र पर चर्चा की गई और दिव्यांग छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राजमिस्त्री संघ ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई

**भानुप्रतापपुर।** 17 सितंबर को राजमिस्त्री संघ भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक सिंगार कलाकार गोरेलाल बर्मन ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

रोज हो रहे रचनात्मक कार्यक्रम, 22 को मनाई जायेगी श्री अग्रसेन जयंती

# अग्रसेन जयंती महोत्सव की मची धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अग्रवाल समाज द्वारा 22 सितम्बर सोमवार को श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में अग्रवाल नवयुवक समिति एवं अग्रवाल महिला समिति द्वारा अलग-अलग 10 दिवसीय रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

प्रथम दिवस 13 सितम्बर को फ्रूट केक प्रतियोगिता 5-10 वर्ष के लिए, जूट बैग सजाओ प्रतियोगिता 10-20 वर्ष के लड़की के लिए, सुहाग के सामान से रंगोली प्रतियोगिता 20 से 45 वर्ष की महिलाओं के लिए, सुहामली सुहागी प्लेट सजाओ प्रतियोगिता 45 से उपर महिला के लिए, दूसरे दिन 14 सितम्बर को एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता स्काई स्पोर्ट्स टर्फ मैत्री विहार कालोनी में आयोजित की गई। तीसरे दिन 16 सितम्बर 12 वर्ष की लड़कियों के लिए सांप, सीढ़ी, ओपन, लूडो प्रतियोगिता, चौथे दिन 18 सितम्बर को कांच की बोतल सजाओ स्पर्धा 5 से 10 वर्ष के लिए, मंडाला आर्ट स्पर्धा 10 से 20 वर्ष के लड़कियों के लिए, हल्दी फंक्शन की ज्वेलरी बनाओ स्पर्धा 20 से 45 वर्ष की महिलाओं के लिए, भुट्टे से बुके बनाओ प्रतियोगिता 45 से उपर के लिए आयोजित की गई।

पांचवें दिन 20 सितम्बर को स्वच्छता अभियान फैंसी ड्रेस 5 से 10 वर्ष के लड़के-लड़कियों के लिए, फ्री स्टाइल डांस 10 से 20 वर्ष के लड़कियों के लिए, फ्री स्टाइल डांस प्रतियोगिता 20-45 वर्ष लड़कियों एवं महिलाओं के लिए, टुटिया की ठिठोली प्रतियोगिता 45 वर्ष से उपर की महिलाओं के लिए आयोजित है।

इसी तरह नवयुवक मंडल समिति द्वारा 14 सितम्बर को क्रिकेट प्रतियोगिता 16 वर्ष से उपर के लड़कों के लिए, 18 सितम्बर को गौ सेवा श्री राष्ट्रीय गौशाला में गौ माता को गुड़ रोटी खिलाई गई। 22 सितम्बर को सुबह म्यूजिकल चेयर 10 वर्ष के बच्चों के लिए, नींबू दौड़ 10 वर्ष के बच्चों के लिए होगी।

इसके अलावा 11 सितम्बर से 18 सितम्बर तक कैरम सिंगल, लूडो, सलिंगो, ब्लाक डाउन, सांप सीढ़ी स्पर्धा का आयोजन किया गया। 22 सितम्बर को आनंद मेला, आरती की थाल सजाओ प्रतियोगिता आयोजित है।

कार्यक्रम में अंकित अग्रवाल, सोमदत्त गोयल, अविनाश गर्ग, अनुज अग्रवाल, गगन अगवाल, सच्चिदानंद अगवाल, गजेन्द्र अग्रवाल, विकास दीवान, रोहित दीवान, हरि अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, अनिता मदन गोयल, प्रीति गुप्ता, गीता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, स्वर्णलता अग्रवाल, सरिता लाठ, रिंका गिनोरिया, कविता अग्रवाल, ममता, अग्रवाल, वीणा गोयल, रमा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, जागृति अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, एकता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, लता अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, पायल गोयल, सरोजबाला योगदान दे रहे हैं।

# माता रानी हाथी पर सवार होकर आयेंगी

- नवरात्रि 22 सितंबर से प्रारंभ, 26 को पंचमी व 30 को हवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंचल में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। भक्तगण उत्साह के साथ तैयारी में जुट हुए हैं। देवी मंदिरों सहित अन्य मंदिरों को रंगरोगन, लाइट से सजाया गया है। घरों, दुकानों की साफ-सफाई हो गई है। इस बार शहर के लगभग 150-200 सार्वजनिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित होगी। मंदिरों में हजारों ज्योति प्रज्वलित की जाएगी।

खास बात यह है कि इस बार शारदीय नवरात्रि पर माता रानी का आगमन और प्रस्थान पर सवारी हाथी होगी। पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि माता रानी की सवारी इस बार गज यानी हाथी होगी। 22 सितंबर सोमवार से नवरात्रि शुरू हो रहा है। हाथी की सवारी सुख-समृद्धि, व्यापार, कृषि के लिए अत्यंत शुभ है। गुरुवार 2 अक्टूबर को प्रस्थान पर भी हाथी की सवारी होगी, जो कृषि, धन, धान्य के लिए शुभ है। नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर सोमवार को होगी। इस दिन गोधूलि बेला में ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। 26 सितंबर को पंचमी तिथि मनेगी। विशेष श्रृंगार के साथ माता की पूजा अर्चना होगी। 30 अक्टूबर को हवन पूजन, विसर्जन, कन्याभोज का कार्यक्रम होगा।

पं. सूरज तिवारी ने कहा कि नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की पूजा होगी। इसे भक्ति, तपस्या, आत्मशुद्धि का पर्व माना जाता है। भक्तगण उपवास रखते हैं। माता भी भक्तों को शक्ति, साहस, धन धान्य, सुख समृद्धि, प्रतिष्ठा आदि का आशीर्वाद देती हैं।

कारपेंटर कल्याण संघ ने आस्था और श्रद्धा से मनाई विश्वकर्मा जयंती

# सृष्टि के सृजनकर्ता स्वामी हैं भगवान विश्वकर्मा : प्रीतेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कारपेंटर कल्याण संघ द्वारा आस्था व श्रद्धा के साथ भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। पूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय सह मंत्री प्रीतेश गांधी, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, एमआईसी सदस्य पिन्टू यादव शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा कि ब्रह्माजी ने देवताओं के आग्रह पर सृष्टि के निर्माण के लिए भगवान विश्वकर्मा को जिम्मेदारी दी थी तब से लेकर आज तक निर्माण और सृजन के देवता के रूप में भगवान विश्वकर्मा की पूजा होती है। आज देश के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक निर्माण कार्य को आगे बढ़ा रहे है। उनका लक्ष्य भारत का नवनिर्माण और श्रम की महत्ता को प्रतिपादित करना है। मौके पर कारपेंटर कल्याण संघ के अध्यक्ष रवि शंकर साहू, उपाध्यक्ष रघुनाथ शर्मा, सचिव रमाकांत पटेल, सहसचिव जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, संरक्षक मोहन बरनेला, उप कोषाध्यक्ष त्रिभुवन साहू, संरक्षक केशव पटेल, संरक्षक छितरमल बरनेला, ईश्वर रूपानी, संगठन मंत्री टामेश्वर देशमुख, महामंत्री लक्ष्मीनारायण पटेल, संरक्षक आशाराम साहू, उपसंगठन मंत्री लाभेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी मुकेश पटेल, जितेंद्र साहू, जितेंद्र यादव, सदाराम साहू, पूनमचंद सिन्हा, शेषनारायण साहू, चंद्रशेखर पटेल, तुलसी साहू, गणेश नेताम, आत्माराम साहू, सुधीर पटेल, गजेंद्र पटेल, भीखम साहू, शंभु देवांगन, सालिक राम साहू, केशव साहू, बसंत पटेल मौजूद थे।

# सरकार की योजनाएं हर जरुरतमंद तक पहुंचे : अंगिरा



- हाईस्कूल अरौद (ली) में साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल अरौद (ली) में साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। श्रीमती ध्रुव ने कहा कि यह योजना हमारे उन विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है जो दूरदराज से आते हैं। साइकिल मिलने से अब न सिर्फ उनका सफर आसान होगा, बल्कि स्कूल तक पहुंचने में लगने वाला समय भी बचेगा जिससे वे अपने पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाएंगे।

कार्यक्रम में श्रीमती टिकेश्वरी साहू सरपंच, हाईस्कूल शाला प्रबंधन अध्यक्ष सुशील निषाद, सुरेन्द्र दास वैष्णव, दीपक साहू सरपंच प्रतिनिधि, रविकुमार शाण्डिल्य प्रिंसिपल, लीना कंवर, रामेश्वरी, नागवंशी, लतारानी ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# देमार-तरसींवा सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

देमार से तरसींवा तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 8 करोड़ 35 लाख की स्वीकृति मिल गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। महापौर रामू रोहरा ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अरुण साव एवं ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया। महापौर ने कहा कि यह सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं होगी, बल्कि ग्रामीण विकास की नई राह खोलेगी। सड़क बनने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में सुविधा होगी, बच्चों की शिक्षा तक पहुंच आसान होगी और स्वास्थ्य सेवाएं भी समय पर उपलब्ध हो सकेंगी। इस खुशी के मौके पर कौशल्या देवांगन, महेंद्र पंडित,



पवन गजपाल, विनय जैन, अनीता अग्रवाल, नम्रता पवार, विभा चंद्राकर, आशा लोधी, हिमानी साहू, रीटा बंजारे, संतोष सोनकर, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, तल्लीनपुरी गोस्वामी, अज्जू देशलहरे, मेघराज ठाकुर, सतीश पवार, शैलेश रजक, हेमंत बंजारे, श्याम लाल नेताम, कैलाश सोनकर, राम सोनी, राकेश यादव, नंदू लोधी, राजीव चंद्राकर एवं इंद्रेश देवांगन शामिल थे।

# डिग्री इंजीनियरों ने मनाया अभियंता दिवस

- कलेक्टर ने वैश्विक स्तर पर अभियंताओं की अद्वितीय क्षमता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन धमतरी ने गंगरेल निरीक्षण गृह में इंजीनियर्स दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा महानदी जलाशय परियोजना के अधीक्षण अभियंता केके मित्तल थे।

अभियंता दिवस पर इंजीनियरों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने वैश्विक स्तर पर अभियंताओं के योगदान और उनकी अद्वितीय क्षमता पर प्रकाश डाला। आधुनिक तकनीकी एवं नवाचारों पर गहन विचार-विमर्श के साथ संघ को उत्कृष्ट और प्रभावी कार्य के लिए प्रेरित किया। अधीक्षण अभियंता केके मित्तल ने अपने अनुभव को साझा किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने संबोधन से अभियंताओं में नवीन ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा अभियंताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एचएल कुरैशिया, प्रदीप नादिया, बीके मगेन्द्र, आरएस नेताम, पीडब्लयूडी विभाग से एसके नेताम, पीएचई विभाग से श्रीमती आशा गुप्ता, आरईएस के आरएन राठौर, अनुविभागीय अधिकारी आरएस साक्षी, एसएस निकुंज, पीआर ध्रुव, संतोष रावटे, एमडी पैकरा, पेमेश कुमार सिन्हा, प्रवीण खेरढे, भविन देवांगन, केपी साहू, दीपक ध्रुव सहित सभी कार्य विभाग के उप अभियंता एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यपालन अभियंता पीके नादिया ने आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता को बनाएं जीवन का संकल्प : रंजना



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अर्जुनी में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम तय किया गया है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने धमतरी में स्वच्छता में भाग लेकर इस अभियान की शुरुआत की।

ग्राम अर्जुनी में भाजपा उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए जनता को इस अभियान से अनवरत जुड़ने का आव्हान किया। श्रीमती साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश की सेवा की है, हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। स्वच्छ भारत से ही स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। हम सभी स्वच्छता को जीवन का संकल्प बनाएं और इस अभियान से जुड़कर इसे एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं।

मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कालीदास सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, ललित कुमार, माणिक साहू, सरपंच इंदु ध्रुव, उपसरपंच लोकेश सिन्हा, मौर्यध्वज सिन्हा, रेवती सिन्हा, वेदप्रकाश ध्रुव, संदीप सोनवानी, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, शंकर प्रजापति, हितेश्वरी सिन्हा सहित ग्रामवासी सेवा पखवाड़ा में शामिल हुए।

# दुगली वन परिक्षेत्र से हटाया अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

दुगली वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिनकरपुर के समीप कक्ष क्रमांक 259 आरक्षित जंगल क्षेत्र में वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया की गई।

सूत्रों के अनुसार कुछ वर्षों से इस क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा खेती और निर्माण संबंधी गतिविधियां की जा रही थीं। विभाग को इस संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। सुरक्षा व्यवस्था के बीच वन विभाग ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान

- कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच हुई बहस

ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध करते हुए कहा कि वे कुछ वर्षों से इस भूमि पर अपनी आजीविका चला रहे हैं और भूमि उनके पारंपरिक उपयोग में रही है।

वहीं अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह भूमि राजस्व एवं वन विभाग की है, जिस पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा नियमों के विरुद्ध है। मौके पर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

ग्रामीण पक्ष ने सरकार से पुनर्वास एवं आजीविका के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है, जबकि वन विभाग ने कहा है कि अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हलचल का माहौल है और प्रशासन स्थिति पर सतत निगरानी रखा हुआ है।










# ई-रिक्शा सहित अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**धमतरी।** सामाजिक भवन के पास ई- रिक्शा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहे दो युवकों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से आमातालाब रोड स्थित यादव समाज सामुदायिक भवन के पास दो युवकों द्वारा ई-रिक्शा में शराब रखकर अवैध बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों युवको को अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा। उक्त युवकों ने पूछताछ में अपना नाम गोपाल साहू पिता शिवराम उम्र 35 वर्ष निवासी अधारी नवागांव व सूरज निषाद पिता संतराम 31 वर्ष मकेश्वर वार्ड निवासी बताया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 77 पौवा देशी अवैध शराब कीमत 7360 रुपए, बिक्री रकम 200, ईरिक्शा क्रमांक सीजी 05 एआर 4387 कीमत 1 लाख 30 हजार कुल 1 लाख 37 हजार 860 रुपए जप्त किया गया। पुलिस ने धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गोपाल साहू व सूरज निषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।





